शब्दबाणों का प्रहार

# राष्ट्रबाण

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

संपादकः संजय बघेल

सिवनी, सोमवार 15 दिसंबर 2025

सिवनी

गुरुवार 18 दिसंबर 2025 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in • वर्ष : 10 • अंक : 238 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan




## न्यूज ब्रीफ

### बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर 250किमी की स्पीड से दौड़ाई लेम्बोर्गिनी

**नई दिल्ली।** मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर 250 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लेम्बोर्गिनी सुपरकार दौड़ाने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो वायरल होने के बाद वर्ली पुलिस ने कार को सीज कर लिया है। चालक के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर स्पीड लिमिट 80 किमी प्रति घंटा है। इससे ज्यादा तेज गाड़ी चलाने पर पुलिस कार्रवाई होती है। पुलिस ने कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उसकी पहचान की। पुलिस अब यह जानने की कोशिश कर रही है कि क्या यह वीडियो सोशल मीडिया के लिए बनाया था।

### सीएम बिस्वा ने बांग्लादेश को चेतावनी दी

**डिसपुर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को बांग्लादेश को परमाणु बम की धमकी दी। उन्होंने कहा- बांग्लादेश में पिछले एक साल से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अलग करने की बातें हो रही हैं, लेकिन यह सोचना भी गलत है। सरमा ने कहा- भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और परमाणु शक्ति संपन्न देश है। अगर बांग्लादेश इस तरह का रवैया अपनाता है तो भारत चुप नहीं बैठेगा। हमें उन्हें यह सिखाना होगा कि ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। यह बयान बांग्लादेश की नेशनल सिटीजन पार्टी के नेता हसनत अब्दुल्ला के उस बयान के बाद आया है।

### गुजरात के 12 स्कूलों में बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल मिला

**अहमदाबाद।** गुजरात में अहमदाबाद और गांधीनगर के 12 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। स्कूलों को बुधवार सुबह धमकी भरे ईमेल मिले। इसके बाद एहितायतन कई स्कूलों में आज की छुट्टी घोषित कर दी गई है। हालांकि, बम स्क्वॉड की जांच में स्कूलों से कोई संदेहास्पद चीज नहीं मिली है। ईमेल में खालिस्तान आंदोलन से जुड़े हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को भी निशाना बनाने की धमकी दी गई है।

राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# चांदी पहली बार 2 लाख प्रति किलो के पार

1 से 2 लाख होने में 9 महीने लगे, 50 हजार से 1 लाख 14 साल में पहुंची थी

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**चांदी** आज यानी 17 दिसंबर को पहली बार 2 लाख रुपए प्रति किलो के पार निकली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सुबह एक किलो चांदी 2,00,750 रुपए पर ओपन। हालांकि इसके बाद इसकी कीमत में थोड़ी गिरावट आई और ये 7,664 रुपए बढ़कर 1,99,641 रुपए किलो पर बंद हुई। इससे पहले ये 1,91,977 रुपए पर थी।

18 मार्च को चांदी पहली बार 1 लाख रुपए पर पहुंची थी। यानी चांदी को 1 लाख से 2 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंचने में सिर्फ 9 महीने का समय लगा। जबकि इसे 50 हजार से 1 लाख रुपए तक पहुंचने में 14 साल लगे थे। मौजूदा कीमत के साथ चांदी अब ऑल-टाइम हाई पर है।

#### चांदी में तेजी के 4 बड़े कारण

इंडस्ट्रियल डिमांड - सोलर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी में भारी इस्तेमाल, चांदी अब सिर्फ ज्वेलरी नहीं, जरूरी कच्चा माल बन गई है।

ट्रंप का टैरिफ डर - अमेरिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं, ग्लोबल सप्लाई में कमी से कीमतें ऊपर चढ़ीं।

मैन्युफैक्चरर होड़ में - प्रोडक्शन रुकने के डर से सभी खरीद रहे हैं, इसी वजह से आने वाले महीनों में भी तेजी बनी रहेगी।



#### चांदी में निवेश बढ़ रहा

निवेशक सिल्वर ईटीएफ के जरिए चांदी में निवेश कर रहे हैं। इससे चांदी की डिमांड बढ़ रही है। सोना 540 रुपए बढ़कर 1.32 लाख रुपए पर पहुंचा आज 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना भी 540 रुपए बढ़कर 1,32,317 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये कल यानी, 16 दिसंबर को 1,31,777 रुपए पर था। वहीं सोने ने 15 दिसंबर को 1,33,442 रुपए प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था।

#### इस साल सोना 56,155 और चांदी 1,13,624 महंगी हुई

इस साल अब तक सोने की कीमत 56,155 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,32,317 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,13,624 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 2,00,750 रुपए प्रति किलो हो गई है।

# लोकसभा में 'वीबी-जी राम जी' बिल पर चर्चा शुरू

कृषि मंत्री शिवराज बोले- बिल में रोजगार 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन किया, परमाणु ऊर्जा बिल पास

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**लोकसभा** में बुधवार शाम 5.40 बजे से 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025' पर भी शाम 5.40 बजे से चर्चा शुरू हुई।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विपक्ष से आग्रह है वह चर्चा के बाद उनका जवाब जरूर सुने। उन्होंने कहा कि इस बिल में रोजगार 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इसके पहले लोकसभा ने लोकसभा में 'सस्टेनबल हार्नेसिंग ऑफ एटॉमिक एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल' पास कर दिया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन इन बिलों पर लंबी चर्चा करेगा और जरूरत पड़ने पर रात तक कार्यवाही जारी रहेगी। इससे पहले कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) कार्यालय में कांग्रेस सांसद बैठक की कांग्रेस ने अपने सांसदों को व्हिप जारी किया है। इसके बाद कांग्रेस सांसदों ने संसद के बाहर 'वीबी-जी राम जी' बिल के खिलाफ प्रदर्शन भी किया।

**राज्यसभा में निरसन और संशोधन बिल पारित**

निरसन और संशोधन बिल पारित हो गया। इसमें 71 ऐसे कानून जिनकी जरुरत नहीं रह गई है उन्हें खत्म कर दिया गया है।राज्यसभा में निरसन एवं संशोधन बिल, 2025 को पेश करते हुए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इसका उद्देश्य पुराने कानूनों को हटाना, कानून निर्माण प्रक्रिया के दौरान रह गई त्रुटियों को दूर करना और कुछ कानूनों के भेदभावपूर्ण पहलुओं को समाप्त करना है। विधेयक राज्यसभा में ध्वनि मत से पारित हो गया। इससे पहले मंगलवार को लोकसभा ने इसे मंजूरी दे दी थी।

#### लोकसभा में शांति बिल पास



लोकसभा में सस्टेनबल हार्नेसिंग ऑफ एटॉमिक एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (शांति) बिल पास कर दिया गया। परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बिल पर चर्चा का जवाब दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि यह बिल बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। भारत के परमाणु कार्यक्रम के जनक डॉ. होमी भाभा ने इसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए समर्पित किया था, और अब इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि हमें जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करनी होगी और परमाणु ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ मामलों में परमाणु ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा से बेहतर है, क्योंकि नवीकरणीय ऊर्जा 24 घंटे उपलब्ध नहीं हो सकती।

#### 2026 के अंत तक पूरे देश में एआई आधारित डिजिटल टोल वसूली -गडकरी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि 2026 के अंत तक पूरे देश में एआई आधारित डिजिटल टोल वसूली सिस्टम लागू हो जाएगा।यह 2026 के अंत तक देशभर में लग जाएगा। इसके लागू होने के बाद वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

# मनाली-लाहौल में बर्फ देखने उमड़े टूरिस्ट



महिला पर्यटक बोलीं- ऊपर से स्नो लाकर फ्राड कर रहे; डेढ़ किमी लंबा जाम लगा

राष्ट्रबाण | मनाली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**हिमाचल** प्रदेश के कुल्लू-मनाली और लाहौल-स्पीति के पर्यटन स्थलों पर इन दिनों बर्फ देखने के लिए देशभर से पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इससे पर्यटन स्थलों पर एक बार फिर रौनक लौट आई है। बर्फ के बीच पर्यटक मौज-मस्ती करते, फोटोशूट कराते, स्कीइंग और स्नो स्कूटर का जमकर आनंद उठा रहे हैं। हालांकि, इसके चलते मनाली और लाहौल के कई इलाकों में लंबा जाम देखने को मिला।

दूसरी ओर, लाहौल-स्पीति के ऊंचे पहाड़ों को छोड़ दें तो अभी निचले पर्यटन क्षेत्रों में बर्फबारी नहीं हुई। बावजूद इसके, बर्फ देखने की चाह में पर्यटक रोहतांग पास, ग्रांफू, कोकसर और शिंकुला दर्रा का रुख कर रहे हैं।

**ग्रांफू में जाम, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

लाहौल-स्पीति के ग्रांफू में दर्जनों वाहन ट्रैफिक जाम में फंसे रहने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, मंगलवार और बुधवार को रोहतांग दर्रा सड़क की मरम्मत के चलते बंद रखा गया है। इस वजह से अधिकांश टूरिस्ट ग्रांफू की ओर जा रहे हैं, जिससे डेढ़ किमी लंबा जाम लग गया।

# नेशनल हेराल्ड केस सिर्फ बदले के लिए

खड़गे बोले : गांधी परिवार को सताया जा रहा; कोर्ट का फैसला मोदी-शाह के मुंह पर थप्पड़

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को नेशनल हेराल्ड मामले पर दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। खड़गे ने कहा- नेशनल हेराल्ड केस सिर्फ राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित है।

खड़गे ने कहा- नेशनल हेराल्ड अखबार की स्थापना 1938 में स्वतंत्रता सेनानियों ने की थी, लेकिन ये लोग (भाजपा) सीबीआइ और ईडीजैसी एजेंसियों का इस्तेमाल करके कांग्रेस नेताओं को बदनाम कर रहे हैं। खासकर गांधी परिवार को सताया जा रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा- इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। किसी की शिकायत मात्र से जांच शुरू कर दी। हमारा नारा है, सत्यमेव जयते। कल कोर्ट का फैसला न्याय के हित में आया है। कोर्ट का फैसला पीएम नरेंद्र मोदी और शाह के मुंह पर थप्पड़ जैसा है।


दिल्ली के कोर्ट ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। ईडी चार्जशीट में कांग्रेस नेताओं पर नेशनल हेराल्ड की प्रकाशक कंपनी एजेएल की 2,000 करोड़ की संपत्तियों पर कब्जा करने का आरोप है।

सीबीआई ने सालों तक एफआईआर दर्ज नहीं की। ईडी भी लंबे समय ईसीआईआर दर्ज करने से बचती रही। फिर ईडी ने एफआईआर के बिना ईसीआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# दिल्ली में पॉल्यूशन, 50% एम्प्लॉइज को वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य

सभी दफ्तरों में सिर्फ आधे कर्मचारी जाएंगे; मजदूरों को 10 हजार मुआवजा, और सख्त होंगे नियम

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in



**दिल्ली** में जानलेवा प्रदूषण के चलते भाजपा सरकार ने बुधवार को सभी सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में 50% कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम नियम लागू कर दिया है। यानी अब सभी दफ्तरों में सिर्फ आधे कर्मचारी जाएंगे। आधे कर्मचारी घर से काम करेंगे।

दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह नियम गुरुवार से लागू होंगे। कुछ सेक्टरों, जैसे हेल्थकेयर, फायर सर्विस, जेल प्रशासन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, डिजास्टर मैनेजमेंट जैसे जरूरी सेवाएं देने वाली संस्थानों को नियम से छूट दी गई है।

कपिल मिश्रा ने बताया कि दिल्ली में 16 दिनों तक ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का तीसरा फेज, लागू रहा। इस दौरान निर्माण कार्य बंद थे। इससे दिहाड़ी मजदूर प्रभावित हुए हैं। दिल्ली सरकार सभी रजिस्टर्ड और वेरिफाइड निर्माण मजदूरों के खातों में मुआवजे के तौर पर 10,000 ट्रांसफर करेगी।

दिल्ली-एनसीआर में 18 दिसंबर सुबह 8 बजे से ग्रेप-4 लागू होगा। इसके तहत दूसरे राज्यों के भारी वाहनों की दिल्ली में एंट्री बंद रहेगी। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आरोप लगाया कि क नेता जानबूझकर कचरा जलाकर प्रदूषण बढ़ा रहे हैं।

#### दिल्ली में हवा बहुत खराब, दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर

दिल्ली में बुधवार सुबह एक्यूआई 328 रहा, हवा का स्तर 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। शहर में सुबह से स्मॉग छाया रहा, हालांकि कल की तुलना में एक्यूआई (378) में हल्का सुधार हुआ। सुबह 9 बजे तक 40 में से 30 स्टेशनों पर हवा 'बहुत खराब' रही। बवाना में सबसे ज्यादा एक्यूआई 376 दर्ज हुआ, कई इलाकों में कई इलाकों में स्मॉग और कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम रही।

# कलाम की जगह भाजपा वाजपेयी को राष्ट्रपति बनाना चाहती थी

किताब में दावा- बीजेपी ने अटलजी से कहा था, आप आडवाणी को पीएम बनने दीजिए

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in



**भारत** के 11वें राष्ट्रपति के लिए भाजपा ने साल 2002 में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्रपति पद ऑफर किया था। पूर्व पीएम वाजपेयी के करीबी अशोक टंडन ने अपनी किताब 'अटल संस्मरण' में इसका खुलासा किया है।

इस किताब के मुताबिक भाजपा ने वाजपेयी से कहा था, 'पार्टी चाहती है कि आपको राष्ट्रपति भवन चले जाना चाहिए। आप प्रधानमंत्री पद लाल कृष्ण आडवाणी को सौंप दीजिए।' हालांकि, वाजपेयी ने इस प्रस्ताव को साफ ठुकरा दिया। टंडन के अनुसार, वाजपेयी ने कहा था- मैं इस तरह के किसी कदम के पक्ष में नहीं हूं। मैं इस फैसले का समर्थन नहीं करूंगा। टंडन ने 17 दिसंबर, 2025 को वाजपेयी की बर्थ एनिवर्सरी पर 'अटल स्मरण' किताब लॉन्च की है। टंडन 1998 से 2004 तक वाजपेयी के मीडिया सलाहकार थे। वहीं, वाजपेयी 1999 से 2004 तक, 5 साल का पूरा कार्यकाल पूरा करने वाले देश के पहले गैर-कांग्रेसी पीएम थे।

एनडीए ने 2002 में 11वें राष्ट्रपति चुनाव में कलाम को अपना उम्मीदवार बनाया था। कलाम के सामने कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार लक्ष्मी सहगल थीं। हालांकि, कांग्रेस समेत प्रमुख विपक्षी दलों के सांसदों और विधायकों ने कलाम के समर्थन में वोट किया।

पीएम को देश का सर्वोच्च सम्मान दिया गया, इसे पाने वाले पहले ग्लोबल लीडर

# गुजरात की तरह इथियोपिया भी शेरों की धरतीः मोदी

राष्ट्रबाण | अदीस अबाबा | एजेंसी | rashtrabaan.in

**प्रधानमंत्री** मोदी ने बुधवार को इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। यह दुनिया की 18वीं संसद है, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने भाषण दिया। मोदी ने कहा कि मुझे इथियोपिया आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह शेरों की धरती है। यहां मुझे अपने घर जैसा महसूस हो रहा है, क्योंकि मेरा गृहराज्य गुजरात भी शेरों की धरती है। इससे पहले इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली ने मंगलवार को मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान दिया था। वे 'द ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपिया' पाने वाले पहले ग्लोबल लीडर बने। इस मौके पर पीएम ने कहा कि ये सम्मान मेरे लिए गौरव की बात है।



मोदी मंगलवार को ही इथियोपिया पहुंचे थे। यह उनका पहला दौरा है। पीएम अबी अहमद अली ने नेशलन पैलेस में उनका औपचारिक स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक भी की।

**भारत ने इथियोपिया को कोविड में 40 लाख टीके दिए**

मोदी ने कहा, 'कोविड-19 के दौरान भारत ने 150 से अधिक देशों को दवाएं और टीके भेजे। इथियोपिया को 40 लाख से अधिक टीके की खुराक की आपूर्ति करना भारत के लिए गर्व की बात थी। मोदी ने कहा- भारत और इथियोपिया जलवायु और भावना दोनों में एक दूसरे के साथ विचार साझा करते हैं। लगभग 2000 साल पहले, हमारे पूर्वजों ने संबंध स्थापित किए थे। हिंद महासागर के पार व्यापारी मसालों और सोने का व्यापार करते थे, लेकिन वे केवल वस्तुओं का ही व्यापार नहीं करते थे।

**● मोदी बोले- भारत डिजिटल सुविधाओं में आगे**

मोदी ने कहा, 'भारत में हमने अपना पब्लिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रचर बनाया है। यह लोगों तक सरकारी सेवाओं की पहुंचने के तरीके में बदलाव लेकर आया है। आज भारत में लगभग हर आदमी पेमेंट, पहचान, सरकारी सुविधा के लिए डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है। दुनिया के आधे से ज्यादा डिजिटल पेमेंट भारत में हो रहे हैं।

**● भारतीय कंपनियां इथियोपिया की सबसे बड़ी इंवेस्टर**

मोदी ने कहा, 'भारतीय कंपनियां इथियोपिया में सबसे बड़े इंवेस्टर्स में से हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में 5 अरब डॉलर (45 हजार करोड़ रुपए) से अधिक का निवेश किया है। 75,000 से अधिक रोजगार पैदा किए हैं। हमने भारत-इथियोपिया द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का निर्णय लिया है।'

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

# राजधानी राष्ट्रबाण

• बैरसिया • हुजूर • कोलार

# मंत्री विजयवर्गीय बोले- सीएम सूट-बूट में आए, हम गरीबों जैसे

## कांग्रेस ने कहा– दिल की बात जुबां पर आई ; बीजेपी दफ्तर घेरने निकले कार्यकर्ताओं की पुलिस से बहस

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता
rashtrabaan.in







मध्य प्रदेश विधानसभा ने अपनी स्थापना के 69 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर आज विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया गया है। सदन में चर्चा की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार के कामों को गिनाया। विकास योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सूट-बूट पहनकर सदन में आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लेकर कहा, %मुख्यमंत्री सूट-बूट में आ गए हैं और हम मंत्री-विधायक लोग गरीबों जैसी वेश-भूषा में हैं। विजयवर्गीय की इस बात पर सदन में ठहाके लगे। कांग्रेस विधायक महेश परमार ने कहा, दिल की बात जुबां पर आ गई। कहीं न कहीं यह पीड़ा है कि मुख्यमंत्री अपने मंत्री-विधायकों पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। आज तो विजयवर्गीय ने सदन में यह कह ही दिया।

**बीजेपी दफ्तर घेरने निकले कांग्रेस कार्यकर्ता**

उधर, नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने श्वष्ठ की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। इसके बाद भोपाल में कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। बीजेपी दफ्तर का घेराव करने का ऐलान किया। कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर इकट्ठा हुए, फिर बीजेपी दफ्तर की तरफ बढ़े। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया।

**जयवर्धन सिंह बोले- लोकल टूरिस्ट सर्किट बनाने के प्रयास नहीं हो रहे**

कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास पर बात रखते हुए कहा- एमपी में कई देवी शक्तिपीठ हैं। महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर हैं। कुंडलपुर जैसा तीर्थ है। भोपाल में विश्व प्रसिद्ध ताज उल मसाजिद है। ये विविधता में एकता की पहचान है। पड़ोसी राज्य राजस्थान में पर्यटन और संस्कृति का त्नष्ठक्कमें 15त्न योगदान होता है। हमारा मात्र 5त्न जीडीपी में योगदान रहता है। उन्होंने कहा- कूनो नेशनल पार्क बना लेकिन वहां पर्यटक नहीं आ रहे। वहीं, राजस्थान को देखें तो जैसलमेर-बाड़मेर जैसे स्थलों के साथ लोकल सर्किट बनाया गया है। ऐसे सर्किट बनाए जाने चाहिए। मुरैना की बात करें तो बटेश्वर मंदिर में कोई पुजारी और गाइड नहीं है, यही स्थिति चौसठ योगिनी मंदिर की है। ओरछा में संग्रहालय बनाने के लिए क्या प्रयास हुए? क्या ये प्रयास हुआ कि ओरछा दतिया चंदेरी का एक सर्किट बने। मंदिरों के विकास के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

### आरिफ मसूद बोले- तब के बुलडोजर मंत्री और आज के बुलडोजर में अंतर

कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा– माननीय संसदीय कार्यमंत्री बुलडोजर पर बोल रहे थे। उन्होंने दिवंगत पूर्व मंत्री बाबूलाल गौर साहब का जिक्र किया। तब मैंने कहा कि जब के बुलडोजर मंत्री और आज के बुलडोजर में अंतर है। गौर साहब ने विकास के लिए बस्तियां हटाईं तो उन्हें विस्थापित भी किया।

### घनघोरिया ने पढ़ी शायरी, विजयवर्गीय बोले- कौन सी गोली खाकर आए हो?

कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने शायरी पढ़ी तो मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बोले– कौन सी गोली खाकर आए हो? इस पर लखन ने कहा– इंदौर वाली जबलपुर में नहीं मिलती। इस बीच स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने मजाकिया लहजे में पूछा– इंदौर वाली जबलपुर में मिलती है क्या? तब विजयवर्गीय ने कहा– उज्जैन में मिलती है। इसके बाद लखन घनघोरिया ने कहा– मेरा सौभाग्य है कि मैंने पहली बार हेमंत खंडेलवाल को सुना। लेकिन वे 2003 से बाहर नहीं निकल पाए।

### खंडेलवाल ने कहा- आदिवासी गांव के बच्चे भी डॉक्टर बन रहे

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा– हमारी सरकार में पीपीपी मोड पर जो मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं, उनमें से चार का भूमिपूजन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड् डा 23 तारीख को करने जा रहे हैं। उनमें से एक कॉलेज मेरे आदिवासी बैतूल जिले का है। छोटे–छोटे आदिवासी गांव के बच्चे भी अब डॉक्टर बन सकेंगे। खंडेलवाल ने कहा– जब आंकड़े जीवन की कहानी कहने लगें तो समझिए कि शासन सही दिशा में चल रहा है। मध्य प्रदेश में 903 लोगों पर एक डॉक्टर है, इसमें सुधार के लगातार प्रयास जारी हैं।

### प्रहलाद पटेल बोले- विपक्ष के सहयोग के बिना विकास नहीं

विधानसभा के विशेष सत्र में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिंह ने कहा– नर्मदा नदी के किनारे 5 करोड़ पौधे एक दिन में लगाए जाने का दावा सरकार ने किया था। सरकार बताए कि उनमें से कितने पौधे आज की स्थिति में जिंदा हैं? उन्होंने कहा कि बीजेपी के संकल्प पत्र और कांग्रेस के वचन पत्र में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है, बहुत सारी बातें कॉमन हैं। बहनों को लेकर कांग्रेस ने भी प्लान तैयार किया था लेकिन बीजेपी की सरकार थी, इसी वजह से 5 महीने पहले इसे एग्जीक्यूट कर दिया गया। इसी के आधार पर वे चुनाव जीतने में सफल रहे। इस पर मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा– लोगों ने कांग्रेस की बजाय भाजपा पर भरोसा किया, यह भरोसे की बात है। मध्य प्रदेश आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध बने, यह हर व्यक्ति चाहता है। अभी भाजपा के लोग चालक की स्थिति में हैं लेकिन विपक्ष के सहयोग के बिना काम पूरा नहीं हो सकता, इसलिए भेदभाव न रखें।

### एमपी के अस्पतालों में चूहों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में बहस

डिप्टी सीएम और लोक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री राजेंद्र शुक्ल के संबोधन के दौरान अस्पतालों में चूहों का मुद्दा उठा। कांग्रेस विधायक हीरालाल अलावा और महेश परमार ने कहा कि क्या सरकार यह साफ कर सकती है कि 2026 में अस्पतालों में चूहों से बच्चों की मौत नहीं होगी? इसके बाद अस्पताल में चूहों को लेकर सदन में शोर–शराबे का माहौल बन गया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य बहस करने लगे।

### बाला बच्चन बोले- विधानसभा सत्रों की संख्या लगातार छोटी होती जा रही

कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने कहा– सरकार आज जो अपने काम गिना रही है, वह 12 दिन पहले खत्म हुए सत्र को बढ़ाकर भी कर सकती थी। मध्य प्रदेश में पिछले 17 साल से बीजेपी की सरकार है लेकिन विधानसभा सत्रों की संख्या लगातार छोटी होती जा रही है। सरकार लगातार कर्ज के बोझ से दबती जा रही है। बाला बच्चन ने कहा कि सरकार भेदभाव कर रही है। भाजपा विधायकों के क्षेत्र में 15 करोड़ रुपए के काम कराए गए। लेकिन कांग्रेस विधायकों के 5 करोड़ रुपए के काम भी नहीं कराए गए। बाला बच्चन ने प्रदेश की कानून व्यवस्था और इंटेलिजेंस पर सवाल उठाए। कहा कि कोर्ट में केस सालों से पेंडिंग पड़े हैं।

# भोपाल में बीजेपी कार्यालय घेरने निकले कांग्रेसी गिरफ्तार

## बैरिकेडिंग में चढ़ रहे प्रदर्शनकारियों पर वॉटर कैनन का इस्तेमाल ; पटवारी के इशारे पर कार्यकर्ताओं ने बस घेरी

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता
rashtrabaan.in



नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू जिला न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार किया है, जिससे कांग्रेस नेतृत्व को बड़ी राहत मिली है। इसी फैसले के बाद राजधानी भोपाल में कांग्रेसी बुधवार को बीजेपी कार्यालय का घेराव करने निकले। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बीच रास्ते में रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग पर चढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन का प्रयोग किया। इस दौरान कई कार्यकर्ता वॉटर कैनन के प्रेशर से सड़क पर गिरकर चोटिल हुए। मौके पर जीतू पटवारी और भोपाल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से बहस भी हुई। इसके बाद पुलिस ने धक्का-मुक्की कर कार्यकर्ताओं को बसों में बैठाकर ले गई। इस दौरान पीसीसी चीफ पटवारी के इशारे में कांग्रेसियों ने पुलिस की बस का घेराव कर दिया। प्रदर्शन में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी, भोपाल शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी पटेल, पूर्व मंत्री पीपी शर्मा, गोविंदपुर के पूर्व प्रत्याशी रविंद्र साहू, मनोज शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

### कोर्ट ने क्या निर्णय सुनाया

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि श्वष्ठ द्वारा दायर की गई चार्जशीट कानूनी रूप से मान्य नहीं है, क्योंकि यह किसी प्रथम सूचना रिपोर्ट पर आधारित नहीं थी। कोर्ट के अनुसार धारा 3 और 4 के तहत धनशोधन के आरोप तभी देखे जा सकते हैं जब मामले का आधार एक वैध एफआईआर हो। इसीलिए अदालत ने ईडी की शिकायत पर कार्रवाई शुरू करने से इनकार किया। कोर्ट ने यह भी कहा कि ईडी की दलीलें कानून के अनुरूप नहीं थीं और प्रचलित नियमों के अनुसार मुकदमे का आधार मजबूत नहीं माना जा सकता। इसी वजह से सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य नेताओं के खिलाफ श्वष्ठ की चार्जशीट को खारिज कर दिया गया।

### जानिए नेशनल हेराल्ड मामला

यह मामला 2012 से सुर्खियों में है, जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और इससे जुड़ी कंपनी यंग इंडियन के बारे में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप यह था कि एएलएल के 90 करोड़ रुपए के ऋण को गांधी परिवार की कंपनी यंग इंडियन को सौंपकर संपत्तियों का अवैध लाभ उठाया गया। श्वष्ठ ने इसका धनशोधन के रूप में केस बनाया था, जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित कई अन्य नामजद थे।

# माता–पिता रहें सतर्क, बच्चों में बढ़ा हाइपोथर्मिया का खतरा

## प्रदेशभर के अस्पतालों को भेजा अलर्ट ; उंगलियां और पंजे पीले या सफेद होना फ्रॉस्टबाइट के संकेत

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश में ठंड का असर तेज होने लगा है और दिसंबर जनवरी के बीच संभावित शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। तापमान के 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की आशंका के बीच राज्य सरकार ने सरकारी और निजी दोनों तरह के मेडिकल कॉलेजों व अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा है। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही न हो, इसके लिए प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों के डीन, सीएमएचओ और सिविल सर्जन को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। ये निर्देश राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और भारत सरकार के एनसीडीसी की पब्लिक हेल्थ एडवाइजरी के आधार पर जारी किए गए हैं। शीतलहर के दौरान हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं जानलेवा साबित हो सकती हैं। ऐसे में प्रशासन का फोकस न केवल इलाज पर है, बल्कि समय रहते जन-जागरूकता बढ़ाने और जोखिम वाले समूहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी है।

### इसी समय रहता है सबसे ज्यादा खतरा

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, प्रदेश में शीतलहर का प्रभाव मुख्य रूप से दिसंबर और जनवरी माह में देखने को मिलता है। इसी दौरान कुछ लोग सबसे ज्यादा जोखिम में रहते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन समूहों पर विशेष निगरानी और प्राथमिकता के साथ चिकित्सा सहायता सुनिश्चित की जाए।

### हाइपोथर्मिया को माना गया मेडिकल इमरजेंसी

शीतलहर के दौरान हाइपोथर्मिया सबसे गंभीर और जानलेवा स्थिति बनकर सामने आती है। यह एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है, जिसमें शरीर का तापमान सामान्य से खतरनाक स्तर तक गिर जाता है। निर्देशों में कहा गया है कि हाइपोथर्मिया के लक्षण दिखने पर पीड़ित को तुरंत गर्म और सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए।

# रतलाम के जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

## कहा–पारिवारिक और विधानसभा क्षेत्र के दायित्व निभाने के कारण काम नहीं कर पा रहा



राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता
rashtrabaan.in

आलीराजपुर के बाद रतलाम ग्रामीण के जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गहलोत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को इस्तीफा भेजा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि पारिवारिक और विधानसभा क्षेत्र के दायित्व के निर्वहन के कारण वे काम नहीं कर पा रहे हैं।

जीतू पटवारी दिसंबर 2023 में मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। इसके करीब 18 महीने बाद अगस्त 2025 में उन्होंने 71 जिला अध्यक्षों की घोषणा की थी। इसमें हर्ष विजय गहलोत का भी नाम शामिल है। उन्हें पहले से रिक्त रतलाम ग्रामीण का अध्यक्ष बनाया गया था। नियुक्ति के करीब 4 महीने बाद ही गहलोत ने पद से इस्तीफा दे दिया। 6 दिसंबर को आलीराजपुर के जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश पटेल ने इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने लिखा था कि व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने अपने कार्यकाल में संगठन को मजबूत करने का पूरा प्रयास किया है।

### एक दिन पहले ही हुई ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 2 साल का कार्यकाल पूरा करते हुए मंगलवार को ही 780 ब्लॉक और उप ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की है। नियुक्ति के दूसरे ही दिन रतलाम जिला अध्यक्ष का इस्तीफा आ गया।

### कहीं न कहीं नियुक्ति में चूक हुई

कांग्रेस जिला अध्यक्षों के इस्तीफा को लेकर बड़वानी के कांग्रेस विधायक मोंटू सोलंकी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान में इतनी लंबी प्रक्रिया करके नियुक्तियां हुई और उसके बाद अध्यक्ष यदि इस्तीफा दे रहे हैं तो कहीं ना कहीं इसमें चूक है। हालांकि वे यह भी कहते हैं कि ऐसे मामलों पर संगठन संज्ञान लेगा।

# भोपाल में चौथी मंजिल से गिरे छात्र की मौत

## सातवीं कक्षा का स्टूडेंट था, बालकनी में खेलते समय हादसा हुआ

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता
rashtrabaan.in




भोपाल के शाहपुरा इलाके में रहने वाले बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल मैनेजर की 12 साल के बेटे की चौथी मंजिल स्थित बालकनी से गिरने से मौत हो गई। हादसा आठ दिन पहले हुआ था, जबकि हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। घटना के समय बालक अपनी चौथी मंजिल स्थित फ्लैट की बालकनी में खेल रहा था। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक विराशा हाईट्स बाबड़िया कला शाहपुरा निवासी कृष्णा डी बहादुर पुत्र विजय एम बहादुर (12) स्कूली छात्र था। उसके पिता बैंक ऑफ बड़ौदा की रीजनल ऑफिस में मुख्य प्रबंधक हैं। गत 8 दिसंबर की शाम कृष्णा चौथी मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट की बालकनी में खेल रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह चौथी मंजिल से सीधे नीचे जाकर गिरा।

### सिर में आई थी गंभीर चोट

गिरने से बालक के सिर में गंभीर चोट आई थीं। उसके पैरों में फैक्चर हुए थे। हादसे के बाद परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर आठ दिनों तक उसका इलाज चलता रहा, जब उसकी हालत में सुधार नहीं आया तो परिजन मंगलवार को उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे, जहां पर बुधवार तड़के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## केंद्र–राज्य के पूर्व मंत्री और एचसी–एससी के रिटायर जस्टिस होंगे संरक्षक, कहा–हर घटनाक्रम पर त्वरित रिएक्शन देंगे

# अजाक्स की तर्ज पर सजाक्स संगठन बनाने की तैयारी

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता
rashtrabaan.in

अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) से मैदानी मुकाबले के लिए सामान्य वर्ग के कर्मचारी सनातनी,सामान्य,ओबीसी,अल्प संख्यक अधिकारी-कर्मचारी एवं पेंशनर्स संघ (सजाक्स) का गठन करने जा रहे हैं। आईएएस और अजाक्स के अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण बेटियों को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद यह निर्णय लिया गया है। सजाक्स के गठन के लिए मंत्रालय अधिकारी-कर्मचारी सेवा संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक को अधिकृत किया गया है। इस संगठन की सक्रिय शाखाएं ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय तक होंगी। इनके संरक्षक केंद्र व राज्य के पूर्व मंत्री, हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जस्टिस रहेंगे। संगठन एससी-एसटी की तरह सामान्य, ओबीसी वर्ग के मामलों में त्वरित और जमीनी प्रतिक्रिया देगा।



**विचार गोष्ठी में हुआ मंथन**

आईएएस संतोष वर्मा के मामले में सरकार के लचीले रवैये को देखते हुए पिछले दिनों सामान्य एवं सवर्ण समाज के लोग तुलसीनगर स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में इकट्ठा हुए थे। यहां विचार गोष्ठी हुई, जिसमें वर्मा के विवादित बयान का जिक्र करते हुए कहा गया कि अब ऐसे संगठन की जरूरत है, जो सामान्य और सवर्ण समाज का वजूद स्थापित कर सके। अभी तो ऐसी दुर्दशा है कि देश और प्रदेश में लगातार 20 दिन से प्रदर्शन के बाद वर्मा के खिलाफ एफआईआर तक नहीं हुई। जबकि दूसरे मामलों में भोपाल बोलने पर नगालैंड में एफआईआर हो जाती है।

### समयमान वेतनमान पर चर्चा

गोष्ठी में सामान्य, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के कर्मचारियों के लिए समयमान वेतनमान लागू नहीं किए जाने पर भी चर्चा हुई। कहा गया कि सामान्य, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग की आबादी प्रदेश में 64त्न है और एससी–एसटी की 36त्न है, फिर भी 36त्न हावी है। हाईकोर्ट कई फैसलों में कह चुका है कि सामान्य, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग की पदोन्नति पर कोई रोक नहीं है, लेकिन एससी–एसटी को पदोन्नति नहीं दी जा सकती, इसलिए कोई कारण न होते हुए भी एक दशक से सामान्य, पिछड़ा, अल्पसंख्यक वर्ग को पदोन्नति नहीं दी जा रही है। कोर्ट की अवमानना के केस लगने पर भी इन वर्गों को पदोन्नति नहीं दी गई। एक दशक में एक लाख से ज्यादा कर्मचारी बिना पदोन्नति रिटायर हो गए, जिसमें अधिकांश सामान्य, पिछड़ा, अल्पसंख्यक वर्ग के थे। जब मांग की गई कि पदोन्नति 2016 से ही शुरू की जाए, तो ये बात नहीं मानी गई। क्योंकि सामान्य, पिछड़ा, अल्पसंख्यक वर्ग के कर्मचारी–अधिकारी को फायदा हो सकता था। इसके बाद समयमान वेतनमान के साथ पदनाम ही देने की बात भी नहीं मानी गई, क्योंकि इससे सामान्य, पिछड़ा, अल्पसंख्यक वर्ग के कर्मचारी एससी–एसटी की बराबरी पर आ जाते।

### गलती होने पर भी साथ दें

गोष्ठी में कहा गया कि जैसे एससी–एसटी वर्ग में होता है, गलत होने पर भी पूरा वर्ग अपने का साथ देता है, वैसा ही हमें भी करना है। वर्मा के तमाम फर्जीवाड़े उजागर होने के बाद भी एससी–एसटी वर्ग उनके समर्थन में खड़ा है। 2016 से अब तक रिटायर हुए कर्मचारियों को भूतलक्षी प्रभाव से पदोन्नति देकर उनकी पेंशन का पुनर्निर्धारण किया जाए। एससी–एसटी वर्ग की 2002 से 2016 के बीच असंवैधानिक ढंग से ली गई पदोन्नतियां समाप्त कराकर उन्हें रिवर्ट कराया जाए। सनातन धर्म छोड़कर बौद्ध या क्रिश्चियन बन चुके एससी–एसटी को आरक्षण न दिया जाए। सनातन धर्म या अन्य किसी भी धर्म के देवी देवताओं, ऋषि मुनियों, पौराणिक पात्रों, महान पुरुषों, रीति रिवाजों, परंपराओं की निंदा करने, मजाक उड़ाने पर कड़ी कार्रवाई करने का कानून बने।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

बालाघाट राष्ट्रबाण

• बैहर • बिरसा • कटंगी • तिरोड़ी • कटंगी • खैरलांजी • किरनापुर • लालबर्रा • लांजी • परसवाड़ा • वारासिवनी

# कलेक्टर ने की रेलवे ओव्हरब्रिज निर्माण कार्यों की समीक्षा

## गर्रा रोड़ एवं वारा रेल ओव्हरब्रिज पर गर्डर लांचिंग के लिए अब डेट नही बढ़ेगी, 15 फरवरी तक दोनो ओव्हरब्रिज से आवागमन शुरू करने के निर्देश

राष्ट्रबाण बालाघाट| डेस्क rashtrabaan.in



कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 17 दिसम्बर को रेलवे, सेतु निर्माण संभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे रेलवे ओव्हरब्रिज के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में एसडीएम श्री गोपाल सोनी भी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम भटेरा रोड़ पर बनाए जाने वाले ओव्हरब्रिज के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि भटेरा रेलवे क्रासिंग पर ओव्हरब्रिज निर्माण के लिए ट्रैफिक डायवर्ट करने की आवश्यकता है। एसडीएम श्री गोपाल सोनी द्वारा बताया गया कि बैहर रोड पर डॉ. शिशिर खरे के मकान के सामने से भटेरा रोड के लिए ट्रैफिक डायवर्ट किया जाना प्रस्तावित है। इस मार्ग पर रेलवे द्वारा क्रासिंग बनाया जाना है। इस प्रस्तावित रेलवे क्रासिंग के आगे से दो पहिया वाहनों के लिए पंप हाउस गली होते हुए भटेरा रोड पर निकलने का रास्ता दिया जाएगा। जबकि हल्के चार पहिया वाहनों के लिए रेलवे क्रासिंग के आगे से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बोदा सड़क को जोड़ा जाना प्रस्तावित है। भटेरा की ओर से आने वाली बसों के लिए अस्थायी बस स्टैण्ड बनाया जाना भी प्रस्तावित है।

कलेक्टर श्री मीना ने भटेरा रेलवे ओव्हरब्रिज निर्माण के लिए ट्रैफिक डायवर्ट करने के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियॉ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेतु निर्माण संभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों से समन्वय कर बोदा रोड तक चार पहियॉ वाहनों के लिए सड़क निर्माण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने अस्थायी बस स्टैण्ड के लिए चिन्हित स्थल पर सभी आवश्यक तैयारियॉ करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि भू-अर्जन की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण करें। बालाघाट-गोंदिया मार्ग पर सरेखा रेलवे अंडरब्रिज के कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस अंडरब्रिज के सुधार का कार्य पूर्ण हो गया है और इससे आवागमन प्रारंभ किया जा सकता है। रेलवे ओव्हरब्रिज के एक ओर की सर्विस रोड का कार्य पूर्ण हो गया है और दूसरे ओर के सर्विस रोड का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में निर्देशित किया कि अंडरब्रिज का निरीक्षण कर इससे यातायात प्रारंभ करने की तैयारी करें। बालाघाट-गर्रा मार्ग पर वैनगंगा पुल के पहले एवं वारासिवनी में वारा रेलवे क्रासिंग पर बन रहे रेलवे ओव्हरब्रिज के कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने गर्डर लांचिंग में देरी किये जाने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि इसके कारण जिले में यातायात की गंभीर समस्या हो रही है। वारा में सर्विस रोड़ नही बनने से धान के परिवहन में भी परेशानी आ रही है। अतः रेलवे अधिकारी इन ब्रिज पर गर्डर लांचिंग का कार्य शीघ्रता से करें। गर्डर लांचिंग की तिथि बार-बार नही बढ़ाई जाएगी। इसी प्रकार वारासिवनी-कटंगी रोड पर दो स्थानों पर बन रहे रेलवे ओव्हरब्रिज का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। बैठक में सेतु निर्माण संभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वैनगंगा नदी पर जागपुर घाट में बनाए जा रहे पुल का कार्य जून 2026 तक की समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण कराए। समय सीमा में कार्य नही करने पर संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करें। इस दौरान रेलवे के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि गर्रा रोड़ स्थित रेलवे ओव्हरब्रिज पर गर्डर लांचिंग 15 जनवरी को की जाएगी और 15 फरवरी तक ओव्हरब्रिज से आवागमन प्रारंभ कर दिया जाएगा। वारा ओव्हरब्रिज में 10 जनवरी को गर्डर लांचिंग का कार्य किया जाएगा और इसके 15 दिन बाद ओव्हरब्रिज से आवागमन प्रारंभ कर दिया जाएगा। वारासिवनी-कटंगी रोड के सेरपार चौकी पर बन रहे ओव्हरब्रिज का कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जबकि अगासी और उमरी के बीच बन रहे ओव्हरब्रिज में 10 जनवरी को गर्डर लांचिंग का कार्य किया जाएगा। बैठक में सेतु निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री जीपी पटले, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएस अडमें, श्री मनीष श्रीवास्तव, श्री दीलिप बोहरे, रेलवे के अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

# 30 हजार रुपए की सहयोग राशि एकत्र कर विद्यालय के बच्चों को दी गई हाउस ड्रेस

## मछुरदा विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टॉफ की सराहनीय पहल

राष्ट्रबाण बालाघाट| डेस्क rashtrabaan.in



शासकीय हाई स्कूल मछुरदा बिरसा में 17 दिसम्बर को विद्यार्थियों के कल्याण एवं शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की गई। विद्यालय के प्राचार्य श्री एचके राणा की पहल एवं मार्गदर्शन में विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं स्टॉफ द्वारा स्वयं की ओर से 30 हजार रुपए की राशि एकत्र कर विद्यालय के बच्चों के लिए हाउस ड्रेस वितरित की गई है। इसमें श्री एआर हिरवाने, बालक छात्रावास मछुरदा के अधीक्षक भैयालाल सादेश्वर, निर्मला मरकाम का विशेष योगदान रहा है। हाउस ड्रेस पाने वाले विद्यार्थियों में 90 प्रतिशत से अधिक विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा से है। हाउस ड्रेस पाकर इस जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र के बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आ गई है। इस अवसर पर प्राचार्य श्री राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन एवं समानता का प्रतीक भी है। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों को हाउस ड्रेस वितरीत की गई है, उसमें 90 प्रतिशत से अधिक बच्चें विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के है। हाउस ड्रेस से विद्यार्थियों में एकरूपता की भावना विकसित होती है, जिससे भेदभाव समाप्त होता है तथा सभी विद्यार्थी स्वयं को समान रूप से विद्यालय परिवार का हिस्सा महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि हाउस प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होता है। विद्यालय परिवार का निरंतर प्रयास है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

प्राचार्य श्री राणा ने बताया कि विद्यालय के बच्चों के बीच शैक्षणिक एवं अन्य कार्यों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के लिए प्रायवेट स्कूल की तर्ज पर मछुरदा विद्यालय में बच्चों के दो अलग-अलग हाउस बनाये गए है। इन्ही बच्चों को हाउस ड्रेस वितरित की गई है। यह बच्चें सप्ताह में 02 दिन हाउस ड्रेस पहनकर विद्यालय आएंगे। हाउस ड्रेस के लिए शासन से कोई राशि नही मिलती है, लेकिन विद्यालय के स्टॉफ ने स्व-प्रेरणा से बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए अपनी ओर से सहयोग राशि एकत्र कर लगभग 30 हजार रुपए की हाउस ड्रेस क्रय कर बच्चों को प्रदान की है। विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने संकल्प लिया है कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत लाया जाएगा। ड्रेस वितरण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। निःशुल्क हाउस ड्रेस पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी एवं उत्साह साफ झलक रहा था। इस पहल की अभिभावकों एवं ग्रामवासियों द्वारा प्रशंसा की गई। उन्होंने विद्यालय प्राचार्य एवं स्टाफ के इस प्रयास को विद्यार्थियों के हित में अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा यह संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं कल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# 500 दिन से अधिक की लंबित शिकायतों का करवा रहे है निराकरण

राष्ट्रबाण बालाघाट| डेस्क rashtrabaan.in

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने सीएम हेल्पलाईन की 500 दिनों से अधिक की लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए एक नई पहल की है। इसके अंतर्गत वे सप्ताह में एक दिन विभिन्न विभागों की शिकायतों का चयन कर संबंधित विभाग के एल-01 स्तर के अधिकारी को समक्ष में बुलाकर उनके द्वारा शिकायत पर की गई कार्यवाही की जानकारी ले रहे है और शिकायत के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही कर उसे संतुष्टि के साथ बंद करवा रहे है। इसी पहल के अंतर्गत 17 दिसम्बर को कलेक्टर श्री मीना ने 04 शिकायतों को समक्ष में सुना और उनका निराकरण करवाया। इन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाये जाने पर एक पटवारी को निलंबित करने व एक कोटवार को पद से पृथक करने के साथ ही 01 एसडीएम, 01 तहसीलदार एवं 02 पटवारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए है। परसवाड़ा तहसील के अंतर्गत ग्राम कुम्हनगांव के तुपेंद्र कुमार तिल्लासी ने खाद्यान्न पर्ची में नाम जोड़ने के लिए सीएम हेल्पलाइन में शिकायत किया था। यह शिकायत 500 से अधिक दिन से निराकरण के लिए लंबित थी। 17 दिसम्बर को संबंधित एल-01 अधिकारी को समक्ष में बुलाकर इस शिकायत के संबंध में जानकारी ली गई तो पता चला कि आवेदक का नाम खाद्यान्न पर्ची में जुड़ गया है लेकिन वह तकनीकी कारणों से पोर्टल पर दिखाई नही दे रहा था। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने परसवाडा के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को इस शिकायत की तकनीकी समस्या का निराकरण कर तत्काल बंद करने के निर्देश दिए।

खैरलांजी तहसील के ग्राम मोहाड़ी के गणेश कटरे द्वारा खरीदी गई जमीन का बटांकन नही किये जाने के संबंध में सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की गई थी। यह शिकायत 500 से अधिक दिनों से लंबित थी। 17 दिसम्बर को कलेक्टर श्री मीना ने संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी को समक्ष में बुलाकर दोनो रकबे का अलग-अलग बटांकन कर मौके पर पायी गई यथास्थिति के अनुसार बटांकन कर नक्शा काटने और आवेदक को प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस शिकायत को तत्काल संतुष्टि के साथ बंद करने और इस प्रकरण में तत्कालीन पटवारी को अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# लालबर्रा महाविद्यालय ने कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यालयों का किया भ्रमण

राष्ट्रबाण बालाघाट| डेस्क rashtrabaan.in

शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा द्वारा 17 दिसम्बर को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्री सुमन बरवा के मार्गदर्शन में कालेज चलों अभियान के तहत शास उच्च मा. विद्यालय बल्हारपुर के प्राचार्य श्री गिरधारी बोपचे, शास उच्च मा. विद्यालय टेंगनीकला के प्राचार्य श्री मुकेश कारे एवं शास. उच्च मा. विद्यालय लेण्डेझरी के प्राचार्य श्री हिरेन्द्र सोनेकर, दिव्य शांति निकेतन हायर सेकेण्डरी बल्हारपुर के प्राचार्य श्री हेमन्त पारधी, शास उच्च मा. विद्यालय घोटी के प्राचार्य श्री ओमकार लाल मोहारे, विवेक ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल पांढरवानी के प्राचार्य श्रीमती नैनन पटले की उपस्थिति में स्कूलों का भ्रमण किया गया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यपक डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत ने बताया कि समस्त हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में विद्यार्थियों तथा शिक्षकों से सम्पर्क स्थापित कर विद्यार्थियों को आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश के लिए प्रेरित किया जा रहा है। महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा कॅरियर के अवसरों की जानकारी एवं राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में नवीन प्रावधानों जैसे बहुविषयक शिक्षा, क्रेडिट बैक, कौशल आधारित पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम चयन, विषय चयन इत्यादि से 12वीं उर्त्तीण होने वाले विद्यार्थियों को अवगत कराया जा रहा है। पी.पी.टी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करना है।

# स्व सहायता समूहों हेतु एसएचजी शिविर आयोजित

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के तत्वाधान में हुआ आयोजन



राष्ट्रबाण लालबर्रा| संवाददाता rashtrabaan.in

जनपद पंचायत लालबर्रा में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 17 दिसंबर 2025 बुधवार को स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना एवं उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा शाखा कंजई के शाखा प्रबंधक अभिषेक माहोरे, लालबर्रा शाखा प्रबंधक शैलेंद्र राउत भी मुख्य रुप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, बैंक सखी एवं बैंक मित्र भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर के दौरान स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा समूहों को कैश क्रेडिट (ष्टष्ट) ऋण के माध्यम से आजीविका एवं व्यवसाय विस्तार हेतु प्रोत्साहित किया गया। बैंक अधिकारियों द्वारा ऋण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़ एवं समय पर ऋण अदायगी के महत्व की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और बैंक उनके विकास के लिए निरंतर सहयोग करता रहेगा।

## प्रमिलाबाई मोरघावडे को 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बालाघाट।** लामता तहसील के ग्राम ढूंढ़ी निवासी शिवा की 21 सितम्बर 2025 को वैनगंगा नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण बालाघाट के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री गोपाल सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के प्रावधानों के तहत मृतक की वारिस पत्नि प्रमिलाबाई मोरघावडे को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। लामता तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि वे कोषालय में देयक प्रस्तुत कर प्रमिलाबाई मोरघावडे के खातें में ई-पेमेंट से शीघ्र 04 लाख रुपए की राशि जमा कराए।

# नीरज हीरावत बने कटंगी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

राष्ट्रबाण कटंगी| संवाददाता rashtrabaan.in



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन की मजबूती की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए नियुक्तियों की नई सूची जारी की है। इस सूची के अनुसार कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कटंगी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नगर के वरिष्ठ एवं सक्रिय नेता नीरज हीरावत को नियुक्त किया गया है।

### वरिष्ठ नेतृत्व के अनुमोदन पर हुई नियुक्ति

यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा की गई है। नीरज हीरावत की नियुक्ति उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए की गई है।

### संगठन को मजबूती देने की उम्मीद

पार्टी नेतृत्व ने आशा व्यक्त की है कि नवनियुक्त अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप कार्य करेंगे। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करेंगे। संगठनात्मक अनुशासन को बनाए रखेंगे। ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं को एकजुट कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे।

### बधाइयों का तांता

नीरज हीरावत के नाम की घोषणा होते ही कटंगी क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय नेताओं का कहना है कि हीरावत के अनुभव का लाभ आगामी समय में पार्टी को मिलेगा। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए हार्दिक बधाई दी है।

# कलेक्टर ने किया सरेखा रेलवे अंडरब्रिज का निरीक्षण

राष्ट्रबाण बालाघाट| डेस्क rashtrabaan.in



कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 17 दिसम्बर को सरेखा रेलवे अंडरब्रिज का निरीक्षण कर ब्रिज में किये गए सुधार एवं मरम्मत कार्य तथा पानी निकासी की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सर्विस रोड निर्माण एवं अंडरब्रिज से यातायात प्रारंभ करने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने ओव्हरब्रिज के दूसरी ओर से सर्विस रोड का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सर्विस रोड, ओव्हरब्रिज एवं ब्रिज के बीच में बचे रिक्त स्थान पर रात्रि में प्रकाश की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। ओव्हरब्रिज के नीचे स्थान पर फैले सीमेंट-कांक्रिट एवं अन्य सामग्री को हटाकर उस स्थान को व्यवस्थित करने एवं उसे किस तरह सजाया-सवारा जा सकता है, इस पर नगर पालिका को प्रस्ताव तैयार करने कहा गया। सर्विस रोड से बड़े एवं भारी वाहनों के गुजरने से ओव्हरब्रिज को क्षति पहुंचने की संभावना को देखते हुए उन्होंने ऐसे वाहनों के सर्विस रोड से निकलने पर रोक लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, सीएमओ श्री बी.डी.कतरोलिया, सेतु निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री जीपी पटले, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएस अडमें, श्री मनीष श्रीवास्तव, श्री दीलिप बोहरे, रेलवे के अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

श्रीमद् भागवत महापुराण का भव्य आयोजन

# बरघाट की धरा पर प्रवाहित हो रही भक्ति की मंदाकिनी

राष्ट्रबाण बरघाट| संवाददात rashtrabaan.in



नगर के शांति नगर स्थित सिद्ध पीठ माँ महामाया मंदिर के पावन प्रांगन में श्री कृष्ण की लीलाओं का दिव्य रस बरस रहा है। भक्ति, संस्कार और उत्सव के अद्भुत त्रिवेणी संगम के रूप में यहाँ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 15 दिसंबर से शुरू हो गया है। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5.30 बजे तक स्थान माँ महामाया मंदिर परिसर बरघाट में किया जा रहा है।

### जिसमें आयोजन की मुख्य विशेषताएं

**कृष्ण लीला का गुणगान :** कथा के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, और उनके लोक–कल्याणकारी स्वरूप का सविस्तार वर्णन किया जाएगा, जो भक्तों के हृदय में धर्म और सदाचार का बीज रोपित करेगा।

**भव्य सज्जा :** संपूर्ण मंदिर परिसर को रंग–बिरंगी पताकाओं, दिव्य प्रकाश पुंजों और मांगलिक प्रतीकों से सुसज्जित किया गया है, जिससे वातावरण पूर्णत: वैकुंठ समान प्रतीत हो रहा है।

**भजन संध्या एवं महाप्रसाद :** कथा के विश्राम दिवस 21 दिसंबर को सायं 4 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। स्थानीय एवं आमंत्रित कलाकारों के स्वरलहरियों से संपूर्ण परिसर गुंजायमान होगा, जिसके पश्चात भक्तों के लिए भंडारे महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है।


**आयोजकों की विनम्र अपील :** आयोजन समिति ने इस दिव्य महोत्सव को केवल एक अनुष्ठान न मानकर इसे पूरे क्षेत्र के लिए एक आध्यात्मिक कुंभ बताया है। उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी जनता से करबद्ध प्रार्थना की है कि यह कथा केवल एक परिवार का उत्सव नहीं, अपितु संपूर्ण नगर का सौभाग्य है। आप सपरिवार पधारकर भारत माता, गंगा मैया और गायत्री माता के जयकारों के बीच इस पुण्य लाभ के सहभागी बनें।

सिवनी राष्ट्रबाण



## सिवनी पुलिस का बड़ा प्रहार, कानूनी के शिकंजे में शासकीय काम में बाधा पहुँचाने वाला आरोपी

# 5 हज़ार का इनामी 'गुंडा' गुड्डू ठाकुर सलाखों के पीछे



5 हज़ार का इनामी 'गुंडा' गुड्डू ठाकुर सलाखों के पीछे

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

कानून के हाथ लंबे होते हैं, यह कहावत एक बार फिर चरितार्थ हुई है। सिवनी की कोतवाली पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले और लंबे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहे 5 हजार के इनामी बदमाश नरेन्द्र उर्फ गुड्डू ठाकुर को दबोच लिया है।

नरेंद्र गुड्डू ठाकुर जिसे पुलिस रिकॉर्ड में क्षेत्र का 'सक्रिय गुंडा' माना जाता है। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 899/2025 के तहत बीएनएस की गंभीर धाराओं 121(1), 132, 221, 296 सहित अन्य में मामला दर्ज था। पुलिस पर धौंस जमाने और सरकारी काम में अड़ंगा डालने वाले इस आरोपी पर पुलिस अधीक्षक सिवनी ने 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

### योगेश अब भी फरार, पुलिस की अपील



योगेश राजपूत : अब भी फरार, पकड़ने पुलिस बिछाई तार।

शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में पुलिस विभाग के प्रधान आरक्षक योगेश राजपूत अब भी फरार है। पुलिस द्वारा लगातार उसकी तलाश कर रही है। सिवनी पुलिस ने आम जनता से अपील की है, यदि किसी को इनामी अपराधी योगेश राजपूत के बारे में कोई जानकारी मिले, तो तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।

### अभी एक और 'मछली' फरार

इस पूरे मामले में कुल 7 नामजद आरोपी थे, जिनमें से 5 पहले ही गिरफ्तार हो चुके है जो जमानत में बाहर आ गए हैं। जिसमें मुख्य फरार आरोपी योगेश राजपूत अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। योगेश राजपूत न केवल सिवनी में वांछित है, बल्कि वह बालाघाट जिले के मालखाना गबन कांड (धारा 316(5) बीएनएस एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) का भी सह-आरोपी है। उस पर भी 5 हजार का इनाम रहा है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दयाराम शरणागत, देवेन्द्र उइके, राहुल काकोडिया, सउनि दिनेश रघुवंशी और आरक्षक प्रतीक बघेल व इरफानउद्दीन की मुख्य भूमिका रही।

**मुखबिर के जाल में फंसा 'शातिर'**

पुलिस की कई टीमें लगातार इसकी टोह में थीं। आखिरकार 16 दिसंबर को मुखबिर की सटीक सूचना और तकनीकी सर्विलांस की मदद से पुलिस ने घेराबंदी कर गुड्डू ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वर्तमान में 22 दिसंबर 2025 तक न्यायिक रिमांड पर है।

## साड़देव मेले में उत्पात मचाने वाले गिरफ्तार

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in



**सिवनी** जिले के आदेगांव थाना क्षेत्र में साड़देव मेले के दौरान उत्पात मचाने वाले तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसके बाद उन्हें लखनादौन जेल भेज दिया गया।

आदेगांव थाना प्रभारी आशीष धुर्वे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले मेलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है।

बीते 14 दिसंबर की शाम मेले में दुकान लगाने को लेकर कुछ व्यक्तियों के बीच वाद-विवाद और झूमाझटकी हुई थी। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसे आदेगांव पुलिस ने संज्ञान में लिया। वीडियो के आधार पर उपद्रवी व्यक्तियों की पहचान की गई। पुलिस ने छोटल उर्फ प्रहलाद जोगी (48), राहुल जोगी (22) और रोहित जोगी (25) तीनों निवासी इंदिरा आवास कॉलोनी, आदेगांव को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने साड़देव मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। थाना प्रभारी ने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति मेले में शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आशीष धुर्वे के साथ सहायक उपनिरीक्षक मनोज परतेती, प्रधान आरक्षक अमर उईके, शोएब खान, आरक्षक सरवन मरकाम और धर्मेंद्र सरयाम शामिल रहे।

### गांव-गांव पहुंची करणी सेना परिवार की टीम

**बैतूल।** जन क्रांति न्याय आंदोलन को लेकर करणी सेना परिवार ने जिले में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में करणी सेना परिवार की टीम ने बुधवार 17 दिसंबर को बैतूल जिले की मुलताई तहसील के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और हरदा में प्रस्तावित जनक्रांति आंदोलन में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया।

करणी सेना परिवार द्वारा सुखाखेड़ी, बाड़ेगांव, आमाबघोली और कान्हाबघोली ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों को आंदोलन के उद्देश्य और उसकी पृष्ठभूमि की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि यह आंदोलन अन्याय, दमन और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए शांतिपूर्ण और संविधान सम्मत तरीके से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर करणी सेना परिवार के जिला अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर ने बताया कि हरदा जनक्रांति न्याय आंदोलन का उद्देश्य केवल किसी एक व्यक्ति या समाज के लिए नहीं, सर्वसमाज को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का मिल रहा समर्थन यह दर्शाता है कि जनता अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने को तैयार है।

## अज्ञात कारणों से दुकान में लगी आग



राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**सिवनी** के कोतवाली थाना अंतर्गत बाहुबली चौक स्थित दिनशा दूध डेयरी में आज सुबह लगभग 5 बजे अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिसके कारण दुकान धू-धू कर जलने लगी। आसपास के लोगो ने जब देखा कि दुकान से धुआं निकल रहा है तो इस बात की जानकारी कोतवाली पुलिस और दमकल वाहन में दी।

सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाने से आरक्षक नंदकिशोर, अमित और डायल 112 डुंडा सिवनी के स्टाफ आरक्षक सीताराम जावरे व पायलेट शरद मौके पर पहुंचे। और फायर ब्रिगेड तथा स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन दुकान में रखा सामान ख़फ़ी हद तक जलकर खाक हो चुका था। मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि किन कारणों से दुकान में आग लगी। आग लगने से लाखों के नुकसान की संभावना जताई जा रही है। जिस स्थान पर।यह हादसा हुआ उसके आसपास किराना दुकान,मेडिकल स्टोर सहित कई दुकानें लगी हुई है। और सामने तरफ लाज व रेस्टोरेंट भी है। यदि आग अन्य दुकानों में फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। जांच के बाद स्पष्ट हो पायेगा की क्या क्या सामग्री जली है और कितने का नुकसान हुआ है।

## अस्पताल की सामग्री व दस्तावेज लौटाने की मांग को लेकर प्रबंधक ने एसपी से की शिकायत

### पांच महीने बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर एसपी के पास पहुंचा अस्पताल सामग्री विवाद

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**वैष्णवी** हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर से संबंधित सामग्री और दस्तावेजों को लेकर चल रहे विवाद में हॉस्पिटल के प्रबंधक दिनेश मानकर ने एसपी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 21 जुलाई 2025 को शिकायत की गई थी, लेकिन करीब पांच माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

आवेदन में दिनेश मानकर ने उल्लेख किया है कि वे वैष्णवी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर बैतूल में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। उनके अनुसार हॉस्पिटल की कुछ सामग्री, दस्तावेज और निर्माण में खर्च की गई राशि से जुड़ा मामला अनावेदक पक्ष के साथ लंबे समय से विवाद में है। इसको लेकर उन्होंने पहले भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि लंबे समय तक कार्रवाई नहीं होने से स्थिति यथावत बनी हुई है और हॉस्पिटल से संबंधित सामग्री उन्हें अब तक वापस नहीं मिल पाई है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी बैतूल बाजार को भी मौखिक रूप से जानकारी दी थी।

दिनेश मानकर ने अपने आवेदन में आशंका जताई है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संबंधित सामग्री के संबंध में उन्हें आर्थिक नुकसान हो सकता है। इसी को लेकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उनकी पूर्व शिकायत पर गंभीरता से विचार करते हुए पुलिस थाना बैतूल बाजार को आवश्यक निर्देश दिए जाएं। ताकि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जा सके और विवाद का समाधान हो सके।

### 181 पर दर्ज शिकायत हटाने का दिया जा रहा दबाव

अस्पताल प्रबंधन ने आरोप लगाया कि इस मामले में 181 जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। प्रबंधन के अनुसार शिकायत उठाने को लेकर उन पर दबाव बनाया जा रहा है जबकि आज भी अस्पताल से संबंधित सामान चोरी-छुपे बेचे जाने की जानकारी मिल रही है। मामले में अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से प्रबंधन ने निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है।

## ये कैसी ट्रिपल इंजन की भा.ज.पा. सरकार?

### दस साल में जनता की चौपाल नहीं लगाई, कांग्रेस के आन्दोलन से घबराये न.पा. अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक- विक्की सिंह।

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**नगर** पालिका परिषद सारणी द्वारा जल आवर्धन योजना के नाम पर क्षेत्र की भोली-भाली जनता को लूटने का काम भा.ज.पा. के न.पा. अध्यक्ष किशोर बरदे करते आ रहे हैं और झूठा ढोंग पीटा जा रहा है कि ट्रिपल इंजन की सरकार जनता की भावनाओं के अनुरूप काम कर रही है। उक्त आरोप लगाते हुए ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष विक्की सिंह ने भा.ज.पा. के नगर सरकार व क्षेत्रीय विधायक को लेकर वार्ड-वार्ड में घूमकर चौपाल लगाया जा रहा है, और सीधे तौर पर आम जनता के बीच भय का माहौल निर्मित कर भा.ज.पा. अपनी जमीन बचाने में लगी है।

लेकिन सच्चाई यह है कि क्षेत्र की आम जनता को 4000/- वसूली की जानकारी दिए बिना ही घरों में पानी के मीटर ठोंक दिए गए, जो आज तक चालू नहीं है। अब न.पा. परिषद ने आनन फानन में पानी का जल कर 150/- रुपये निर्धारित कर दिया है, ऐसे में पानी के मीटर की क्या उपयोगिता बचती है? फिर जनता के बीच ट्रिपल इंजन की भा.ज.पा. सरकार किस मुंह से चौपाल लगा रही है? 10 वर्ष में क्षेत्रीय विधायक को एक बार भी जनता की याद नहीं आई, और ना ही उन्होंने किसी तरह की चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनी।

## कंटेनर में हो रही थी मवेशियों की तस्करी

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in



**जिले** में मवेशियों की तस्करी करने वाले सक्रीय है, जिन पंर अंकुश लगाने का प्रयास पुलिस कर रही है। जहां रात्रि के समय डूंडासिवनी पुलिस ने मवेशियों से भरा कंटेनर जब्त किया है। चार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मवेशियों को गौशाला भेजा गया है। डूंडा सिवनी थाना प्रभारी चेन सिंह उइके ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कंटेनर क्रमांक आर.जे. 11 जीसी 7392 में मवेशियों को भरकर नागपुर की ओर ले जाया जा रहा है। पुलिस ने नगझर बायपास के पास कंटेनर को रोका। उसके अंदर 55 मवेशी भरे मिले। पुलिस ने चालक हरियाणा के नूह निवासी अरशद (27) पिता इशाख खान, मवेशी मालिक यूपी के बागपत निवासी आशिफ (39) पिता हाजी इकबाल, बागपत निवासी शाहिद (43) पिता रसीद खान और खलील (30) पिता कपिल के खिलाफ मामला दर्ज किया। मवेशियों के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं मिले। मवेशियों को बागपत से उड़ीसा ले जा रहे थे। पुलिस ने कंटेनर को जब्त किया है। ओर आरोपियों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# रेत के दामों पर सियासी संग्राम

### बैतूल की जनता के हित में यूथ कांग्रेस ने खोला मोर्चा, प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**जनहित में ठोस निर्णय नहीं लिया तो होगा आंदोलन**

संजय सरदार यादव ने स्पष्ट किया कि बैतूल जिला यूथ कांग्रेस आम जनता के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। यदि शीघ्र ही जनहित में ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो यूथ कांग्रेस आम जनता के साथ मिलकर जिला प्रशासन को ज्ञापन देगी और शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक तरीके से इस आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

**जिले** में रेत के बढ़ते दामों से परेशान आम जनता के हित में यूथ कांग्रेस खुलकर मैदान में उतर आई है। यूथ कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बैतूल की जनता को महंगी रेत थमाई जा रही है, जबकि बाहर के जिलों और राज्यों को वही रेत सस्ते दामों में दी जा रही है। इसे सीधे तौर पर जनविरोधी नीति बताते हुए संगठन ने प्रशासन और शासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। यूथ कांग्रेस का आरोप है कि ठेकेदार डम्फर मालिकों को धमका रहे हैं कि यदि बाहर से रेत लाई गई तो उनके डम्फर नहीं भरे जाएंगे। यूथ कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो यूथ कांग्रेस बैतूल की जनता के साथ उग्र आंदोलन करेगी।


यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय सरदार यादव ने रेत के दामों को जनविरोधी, नियमों के खिलाफ और प्रशासनिक संरक्षण में चल रही मनमानी करार दिया है।

श्री यादव ने जारी बयान में कहा कि पिछले वर्ष तक जब बैतूल जिले में रेत सीधे नदी से निकाली जा रही थी, उस समय रेत की कीमत 22 से 25 रुपये प्रति फीट के बीच थी। इसके बाद नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश लागू हुए, जिनका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ संसाधनों की पारदर्शी उपलब्धता सुनिश्चित करना था। नियम अनुसार जब रेत नदी से नहीं निकाली जा रही और नियंत्रित व्यवस्था लागू है, तो कीमतें कम होनी चाहिए थीं, लेकिन बैतूल में इसके ठीक उलट हुआ। पहले रेत का दाम 38 रुपये प्रति फीट तय किया गया और अब अचानक इसे बढ़ाकर 40 रुपये प्रति फीट कर दिया गया।

सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि वही बैतूल की रेत महाराष्ट्र के डम्फरों को मात्र 35 रुपये प्रति फीट की दर से दी जा रही है, जबकि बैतूल की आम जनता, स्थानीय निर्माण कार्य और छोटे उपभोक्ता उसी रेत को 40 रुपये प्रति फीट खरीदने को मजबूर हैं।

आरोप है कि रेत के इन बढ़े हुए दामों से परेशान डम्फर यूनियन जब माइनिंग विभाग में विधिवत शिकायत दर्ज कराने पहुंचे, तो विभाग ने रेत ठेकेदारों को स्पष्ट कर दिया कि रेत के रेट कम नहीं होंगे और बैतूल जिले के बाहर से रेत लाने की अनुमति भी नहीं दी जाएगी। यूथ कांग्रेस ने शासन से मांग की है कि रेत के वर्तमान दामों की तत्काल समीक्षा की जाए, अन्य राज्यों में कम रेट पर रेत देने की उच्चस्तरीय जांच हो और नियमों के विरुद्ध काम करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433